FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Hisar **Year (वर्ष):** 2026

FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0045 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 05/11/2026 15:09 hrs

2.

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धारा(एँ))
1	PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988	7

3. **(a)** **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Thursday **Date from (दिनांक से):** 05/11/2026 **Date To (दिनांक तक):** 05/11/2026

Time Period (समय अवधि): Pahar 4 **Time From (समय से):** 11:50 hrs **Time To (समय तक):** 11:50 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 05/11/2026 **Time (समय):** 14:39 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 014 **Date and Time (दिनांक और समय):** 05/11/2026 14:39 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-EAST, 70 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

(b) Address (पता): भिवानी,

(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):

District (State) (जिला (राज्य)):

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** अजय सिंह

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** चन्द्र सिंह

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 16/03/1982 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

S. No. (क्र.सं.)	ID Type (पहचान पत्र का प्रकार)	ID Number (पहचान संख्या)

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

S.No. (क्र.सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	Present Address	वार्ड नं0 10 बैंक कालोनी, भिवानी, BHIWANI CITY, BHIWANI, HARYANA, INDIA
2	Permanent Address	वार्ड नं0 10 बैंक कालोनी, भिवानी, BHIWANI CITY, BHIWANI, HARYANA, INDIA

(j) Phone number (दूरभाष सं.): **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9671894000

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

S. No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Present Address(वर्तमान पता)
1	मुकेश कुमार AFSO			1. भिवानी, BHIWANI,HARYANA,INDIA

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

S. No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में))

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

S. No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

सेवा में,

निरीक्षक,

राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,

भिवानी ।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मैं अजय सिंह पुत्र श्री चन्द्र सिंह निवासी बैंक कालोनी वार्ड नम्बर 10 तहसील व जिला भिवानी का रहने वाला हूँ । मै घरेलू कार्य करता हूँ । खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा नये राशन डिपो के लाईसैन्स के लिये आनलाईन आवेदन मांगे गये है । मेरे जानकार कृष्ण कुमार वासी बैंक कालोनी भिवानी के साथ हमारे आपस में पारिवारिक रिश्ते हैं । कृष्ण उपरोक्त अपनी पत्नी सुमन के नाम से नये डिपो का लाईसैन्स लेने का इच्छुक है । मेरा जानकार व्यस्त रहता है । मेरा भिवानी के सरकारी कार्यालयो में आना जाना रहता है, इसलिए सुमन पत्नी कृष्ण उपरोक्त ने अपने उपरोक्त आवेदन से नये राशन डिपो का लाईसैन्स से सम्बन्धित कार्य को करवाने का मुझे पुर्ण अधिकार दिया है । इस सम्बन्ध में मैं जब दिनांक 29.10.26 को समय करीब 03:00 PM पर अनाज मण्डी के नजदीक खाद्य एंव आपूर्ति कार्यालय भिवानी में मुकेश कुमार AFSO भिवानी से मिला और हमारे को नये राशन डिपो का लाईसैन्स दिलाने की बातचीत की तो मुकेश उपरोक्त ने हमारे को नये राशन डिपो का लाईसैन्स दिलाने की एवज में मेरे से 1,50,000 (एक लाख पचार हजार) रूपये रिश्वत की मांग की, जिसमे से 20,000 (बीस हजार) रूपये रिश्वत के तौर पर वह दिनांक 29.10.2026 को एडवांस ले चुका है । उसके बाद हमने मुकेश कुमार AFSO भिवानी के कहे अनुसार हमने अपने दोस्त कृष्ण की पत्नी सुमन के नाम से मुकेश AFSO के मोबाईल फोन से फोन करने उपरांत दिनांक 02.11.2026 को नये राशन डिपो का लाईसैन्स के लिए आनलाईन आवेदन कर दिया व जिसका ऑनलाईन आवेदन नं0 100000025497 है । उसके बाद मैनें अपना आनलाईन ऐप्लीकेशन न0 Whatup के द्वारा मुकेश AFSO के पास भेज दिया था । हमारा उक्त कार्य खाद्य आपूर्ति विभाग भिवानी मे लम्बीत है । मुकेश कुमार AFSO भिवानी ने मेरे से 1,00,000 (एक लाख रू) रिश्वत राशी लेने के लिए मुझे आज बुलाया है और बकाया 30,000 (तिस हजार रू) रिश्वत राशी हमारा नया राशन डिपो मिलने के बाद दिये जाने है । मैनें मेरे व मुकेश कुमार AFSO भिवानी के बीच रिश्वत बारे हुई बातचीत की कुछ रिकार्डिंग को अपने निजी रिकार्डिंग डिवाईस मे रिकार्ड किया हुआ है, जिसको मैं बाद में आपको पेश कर दूंगा । मै मुकेश कुमार उपरोक्त को रिश्वत की राशी नही देना चाहता हूँ । मेरी मुकेश कुमार AFSO भिवानी के साथ कोई रंजिश नहीं है और ना ही पुराना कोई पैसे का लेन-देन है । अतः सरकारी कर्मचारी मुकेश कुमार AFSO भिवानी के खिलाफ उचीत कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें ।

SD/- Ajay Singh

अजय सिंह पुत्र श्री चन्द्र सिंह निवासी बैंक कालोनी

वार्ड नम्बर 10

तहसील व जिला भिवानी

जन्म तिथि 16.03.1982

मो0 नम्बर 96718-94000

दिनांक 5.11.2026

कार्यवाही पुलिस – आज दिनांक 05.11.2026 को मन निरीक्षक मय साथी मुलाजमान ASI रेनू 1581/सोनीपत, HC नवीन कुमार 2034/रोहतक, E/ASI सुखविन्द्र 429/भिवानी, EHC नरेन्द्र 427/हांसी, महिला EHC कविता 876/रोहतक, सिपाही सौरभ/258 हिसार मय आधुनिक तफतीशी बैग मय सरकारी गाडी HR03GV-8726 जिसके चालक EHC दिनेश 2002/सोनीपत के हाजिर कार्यलय राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उप केन्द्र भिवानी हाजिर था कि अजय सिंह पुत्र श्री चन्द्र सिंह निवासी बैंक कालोनी वार्ड नम्बर 10 तहसील व जिला भिवानी का मोबाईल नम्बर 96718-94000 से मेरे नम्बर 94163-57119 पर फोन आया कि किसी भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी ने उसका कार्य करने की एवज मे उससे 1,50,000 रूपये रिश्वत मांगी है । वह उस पर कानूनी कार्यवाही करवाना चाहता है । मन निरीक्षक को अजय उपरोक्त ने हुड्डा चौक नजदीक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के पास मिलने बारे कहा । उसके बाद इस सुचना पर मन निरीक्षक मय उपरोक्त साथी मुलाजमान मय सरकारी एंव प्राईवेट गाडी के हुड्डा चौक नजदीक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी पहुंचे जंहा पर अजय उपरोक्त ने मेरे को उपरोक्त हस्त लिखित दरखास्त पेश की और अपने व मुकेश कुमार AFSO भिवानी के बीच रिश्वत बारे हुई बातचीत की रिकार्डिंग को सुनाया । उक्त बारे मन निरीक्षक द्वारा अवगत करवाया (उच्च अधिकारियो को) । जिन्होने शीघ्र आगामी कार्यवाही करने बारे कहा । जो दरखास्त एंव रिकार्डिंग के सुनने से अपराध 7 PC ACT का घटित होना पाये जाने पर तहरीर हजा बराये मुकदमा दर्ज करवाने के लिये EHC नरेन्द्र 427/हांसी के माध्यम से थाना राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल हिसार भेजी जा रही है, बाद करने दर्ज अभियोग नम्बर पर्चा से सुचित किया जाऐ वा स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मजिस्ट्रेट व अफसरान बाला को भेजी जाऐ । मेरे द्वारा उक्त कार्यवाही के लिये एक दरखास्त राजपत्रित अधिकारी स्वतन्त्र साक्षी व कर्मचारी

नियुक्त करवाने के लिये वाटसअप के माध्यम से पुलिस अधीक्षक राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल, हिसार को भेजी गई है । जो बाद होने नियुक्त राजपत्रित अधिकारी स्वतन्त्र साक्षी उससे सम्पर्क करके नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी ।

अजः- हुड्डा चौक नजदीक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी

Sd/-Jageet Singh

जगजीत सिंह (निरीक्षक)

राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

उप केन्द्र भिवानी

दिनॉक 05.11.2026

At 11.50 AM

अज थाना- हस्ब आमद तहरीर कायमी मुकदमा नं. 45 दिनांक 05.11.2026 धारा 7 PC ACT थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्ट्र किया जाकर नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर आरिन्दा EHC नरेन्द्र 427/हांसी के हाथ वर मौका अनुसंधानकर्ता के पास भेजी जा रही है । प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां स्पैशल रिपोर्ट बजरिया EMAIL ID द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब भिवानी व पुलिस अधीक्षक भिवानी की सेवा में भेजी जा रही हैं ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** JAGJEET SINGH **Rank (पद):** I (Inspector)

No. (सं.): 2141SPT **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C.
(आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): Rajbir Singh

14.

Rank (पद): I (Inspector)

Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

No. (सं.): 265h

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: (If known / seen)

(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))

S. No. (क्र.सं.)	Sex (लिंग)	Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष)	Build (बनावट)	Height (cms) (कद (से.मी.))	Complexion (रंग)	Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह)
1	2	3	4	5	6	7
1	Male					**Is pox pitted:** Yes

Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ)	Teeth (दाँत)	Hair (बाल)	Eye (आँखें)	Habit(s) (आदतें)	Dress Habit (s) (पहनावा)
8	9	10	11	12	13

Language/Dialect (भाषा/बोली)	Place of (का स्थान)					Others (अन्य)
	Burn Mark (जले हुए का निशान)	Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे))	Mole (मस्सा)	Scar (घाव)	Tattoo (गूदे हुए का)	
14	15	16	17	18	19	20

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.

(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)